पशु स्वास्थ्य शिवर एवं सिकल सेल एनीमिया पर जागरूकता अभियान

महामहिम कुलाधिपति जी की प्रेरणा फलस्वरूप तथा कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में पशु स्वास्थ्य शिवर एवं सिकल सेल एनीमिया पर जागरूकता अभियान पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर द्वारा आदिवासी बाहुल्य अंगीकृत ग्राम मोइयानाला, मंडला जिला, बीजाडांडी, ब्लॉक में निःशुल्क पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर एवं सिकल सेल एनीमिया पर जागरुकता अभियान का आयोजन दिनांक 01.07.2022 शुक्रवार को किया गया।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के उद्देश्यों के अनुरूप पशु स्वस्थ उपचार शिविर का आयोजन कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी की अभिप्रेरणा से अंगीकृत ग्राम मोइयानाला में दिशा निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें गर्भ परीक्षण, बांझपन निवारण, औषधि वितरण, गाय एवं भैंसों में गलघोटू एवं चुरका रोग से बचाव हेतु पशुपालकों को जागरुक किया गया। शिवर में कुल 104 गौवंश एवं बकरो का उपचार किया गया एवं इसके अलावा शहर में मानव जाति में होने वाली अनुवांशिक बीमारी सिकल सेल एनीमिया पर पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरुकता भी फैलाई। शिवर में मानव जाति एवं पशुओं में होने वाली ज्यूनोटिक बिमारियों पर भी आदिवासी समुदाय को संबोधित किया गया। इस पशु स्वास्थ उपचार शिवर एवं जागरुकता अभियान का संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व एवं वैज्ञानिकों डॉ. रुचि सिंह, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. अभिषेक बिसेन एवं महाविद्यालय के अध्ययन छात्रों की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। साथ ही पशु स्वास्थ एवं उपचार शिवर में श्री विजय चौकसे, आशीष यादव क्षेत्र सहायक एवं आशा कार्यकर्ता श्रीमती सुलोचना वरकड़े एवं अन्य पशुपालकों का सहयोग एवं उनकी उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर